E-mail ID : upjnruraldeoria@gmail.com
Mob.- 9453590179

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,
भुजौली कालोनी, देवरिया–274001

पत्रांक 1341 / कार्य–08 / 247 दिनांक – 31.07.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः–समाचार पत्र ''दैनिक भाष्कर'' में प्रकाशित शीर्षक ''देवरिया में जल जीवन मिशन पर सवालः कई गांवों में महीनों से सूखी टोंटी, अधूरी टंकी, जमीन विवाद में फंसी योजना के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक समाचार पत्र ''दैनिक भाष्कर'' में ''देवरिया में जल जीवन मिशन पर सवाल कई गांवों में महीनों ये सूखे टोंटी, अधूरी टंकी, जमीन विवाद में फंसी योजना'' शीर्षक से प्रकाशित खबर के अन्तर्गत पेयजल योजना हेतु पेयजल आपूर्ति संचालित कराने सम्बन्धित खबर प्रकाशित हुई है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि देवरिया उर्फ शामपुर पेयजल योजना पर पूर्व में विद्युत खराबी के कारण जलापूर्ति में बांधा था, जिसे सही करके वर्तमान में योजना पर जलापूर्ति संचालित की जा रही है। निजामाबाद पे0यो0 पर स्लूस वाल्ब में लीकेज होने के कारण निरन्तर जलापूर्ति नहीं हो पा रही थी, योजना पर वर्तमान में स्लूस वाल्ब बदलकर पेयजल की आपूर्ति संचालित करा दी गयी है। इटहुआ चन्दौली ग्रामीण पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यदायी फर्म मे0 ऋत्विक–कोया(जेवी) द्वारा कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत नलकूप, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल व सोलर सिस्टम 12.5 के0वी0 का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। योजनान्तर्गत शिरोपरि जलाशय 30 प्रतिशत व पाइप लाइन 5.68 कि0मी0 के सापेक्ष 6.14 कि0मी0 एवं 395 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 205 नग गृह संयोजन का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। योजनान्तर्गत समस्त कार्य मार्च, 2027 तक पूर्ण कराते हुए पेयजल योजना से जलापूर्ति संचालित करा दी जायेगी।

भवदीय

(अखिल आनन्द)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0 सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्बन्धित सहा0अभि0/जूनि0इंजी0।
2. PM मे0 ऋत्विक–कोया(जेवी) को योजना पर दी गयी समयावधि में पेयजल आपूर्ति संचालित करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता